मध्यप्रदेश में स्टार्टअप के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान करेगा कार्यक्रम

भास्कर ब्यूरो, भोपाल।

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ल ने मंगलवार को भोपाल में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि संस्थान मप्र में स्टार्टअप के लिए गतिविधियां व कार्यक्रम करेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय से उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता है। यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन है। ईडीआईआई का प्रधान कार्यालय गांधी नगर, गुजरात में है जबकि मध्य प्रदेश में भोपाल में क्षेत्रीय कार्यालय है, जहां से राज्य की उधमित्ता की विभिन्न परियोजनाओ को संचालित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ईडीआईआई मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य हेतु प्रयत्नशील है, जिसमे चंदेरी और महेश्वर में हथकरघा, बैतूल में टेरा-कोट्टा और ग्वालियर में कालीन प्रमुख हैं। ईडीआईआई, क्लस्टर विकास में कई वर्षों के अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ मध्य प्रदेश के लोगों को विशेष हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए इन संसाधनों और कौशल विकास उद्यमों का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार, उद्योग और अन्य सहायता संस्थानों के साथ हाथ से काम करने हेतु तत्पर है, जिनमे हस्तनिर्मित उत्पाद, कृषि, बागवानी और वन आधारित उत्पाद, इकोटूरिज्म, हर्बल वेलनेस उत्पाद प्रमुख हैं। शैक्षणिक क्षेत्र में ईडीआईआई डीएसटी, भारत सरकार, के सहयोग से विज्ञान और प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि के उद्यमियों को विकसित करने और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (संकाय विकास कार्यक्रम) के माध्यम से संसाधन विकसित कर रहा है। इसी दिशा में ईडीआईआई ने मध्य प्रदेश के प्रमुख संस्थानों जैसे मध्य प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर और राज्य सरकार के साथ कई अन्य एमओयू किया है। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बेहतर करने के हेतु विभिन्न गतिविधिओं को साझा किया।